**SET-4**

**Series %BAB%**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **62**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **14** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*



ZOLLEGE.in

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** और **2** स्रोत आधारित **1** अंक वाले प्रश्न हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **10 – 15** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **3** से **9**, **2** अंकों वाले प्रश्न हैं । यह अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **10** से **12**, **4** अंकों वाले प्रश्न हैं । यह लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **13** और **14**, **6** अंकों वाले प्रश्न हैं । यह दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

## खण्ड क

**1.** स्रोत को पढ़िए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए :

नगरों में स्थित उत्पादकों के द्वारा बनाए गए विलासिता के सामानों, ढाका या मुर्शीदाबाद की उच्च-कोटि की रेशम की माँग में दरबारों के विघटन के बाद भारी कमी हो गई । ये उत्पाद जिन बाह्य बाज़ारों पर निर्भर थे उनका भी कमोबेश सफ़ाया हो गया था । दूर-दराज के क्षेत्रों के ग्राम, शिल्प विशेषत: पूर्वी भारत के उन क्षेत्रों के अतिरिक्त जहाँ अंग्रेज़ों का प्रवेश जल्दी और सघन था, अधिक समय तक स्थिर रहे, जब तक कि रेलवे के विस्तार ने उन्हें गंभीर रूप से प्रभावित नहीं किया ।

*(सरकार : 1983 : 29)*

जब अंग्रेज़ों ने भारत के राज्यों और कस्बों पर अधिकार कर लिया, तो इन राजसभाओं के संरक्षण में कार्यरत कारीगर, कलाकार और कुलीन लोगों का भी पतन हुआ । इसका कोई एक कारण दीजिए । *1*

**2.** स्रोत को पढ़िए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए :

*सोचने का तरीका*

..... जॉन स्टुअर्ट मिल का लेख *'ऑन लिबर्टी'* प्रकाशन के तुरंत बाद ही, भारतीय महाविद्यालयों में इसे एक स्वीकृत साहित्य मान लिया गया । इस लेख से भारतीयों ने मैग्ना कार्टा के बारे में जाना, और स्वतंत्रता और समानता के लिए यूरोप और अमेरिका के हुए संघर्ष आदि की जानकारी भी हुई ।

दिए गए स्रोत में किस प्रकार के पश्चिमीकरण का उल्लेख किया जा रहा है ? *1*



ZOLLEGE.in

***General Instructions :***

*(i)* *The question paper contains **14** questions.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* ***Section A** – Question number **1** and **2** are **1** mark source based questions. Answer to these questions must not exceed **10 – 15** words.*

*(iv)* ***Section B** – Question number **3** to **9** are **2** marks questions. These are very short-answer type questions. Answer to these questions should not exceed **30** words.*

*(v)* ***Section C** – Question number **10** to **12** are **4** marks questions. These are short-answer type question. Answer to these questions should not exceed **80** words.*

*(vi)* ***Section D** – Question number **13** and **14** are **6** marks questions. These are long-answer type questions. Answer to these questions should not exceed **200** words.*

## SECTION A

**1.** Read the source and answer the question :

Urban luxury manufactures like the high quality silks and cottons of Dacca or Murshidabad must have been hit first by the almost simultaneous collapse of indigeneous court demand and the external market on which these had largely depended. Village crafts in the interior and particularly, in regions other than eastern India where British penetration was earliest and deepest, probably survived much longer, coming to be seriously affected only with the spread of railways.

*(Sarkar : 1983 : 29)*

When British took over states and towns of India, some of them lost their courts, artisans and court gentry. Give any one reason. *1*

**2.** Read the source and answer the question :

*Ways of thinking*

..... John Stuart Mill's essay *'On Liberty'* soon after its publication became a text in Indian colleges. Indians came to know about Magna Carta, and the struggle for liberty and equality in Europe and America.

Mention the kind of Westernization being referred to in the given source. *1*



ZOLLEGE.in

## खण्ड ख

**3.** हमारी बहुत-सी सांस्कृतिक रस्मों और उनके प्रकारों में कृषि की पृष्ठभूमि होती है । संरचनात्मक और सांस्कृतिक परिवर्तन घनिष्ठ रूप में एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं । भारत के विभिन्न क्षेत्रों में नव-वर्ष के त्योहार मुख्य रूप से फ़सल काटने के समय मनाए जाते हैं ।

(a) "कृषि एवं संस्कृति के बीच एक घनिष्ठ संबंध है ।" दिए गए कथन के समर्थन में एक कारण दीजिए । *1*

(b) किन्हीं दो कृषि संबंधित त्योहारों के नाम लिखिए । *1*

**4.** सामाजिक आंदोलन में एक लंबे समय तक निरंतर सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता होती है । ऐसी गतिविधियाँ प्राय: राज्य के विरुद्ध होती हैं तथा राज्य की नीति तथा व्यवहार में परिवर्तन की माँग करती हैं । स्वत:स्फूर्त तथा असंगठित विरोध को सामाजिक आंदोलन नहीं कह सकते ।

(a) सामाजिक आंदोलन के कोई दो लक्षण लिखिए । *1*

(b) किसी एक दलित आंदोलन का उदाहरण दीजिए । *1*

**5.** "पूँजीवाद के आने से पहले के साम्राज्य और पूँजीवादी दौर के शासन में गुणात्मक अंतर है ।" अंतर बताइए । *2*

**6.** "संस्कृतिकरण की अवधारणा एक ऐसे प्रारूप को सही ठहराती है जो दरअसल असमानता और अपवर्जन पर आधारित है ।" इस कथन के समर्थन में दो कारण दीजिए । *2*

**7.** विभिन्न प्रकार के समाज सुधारक आंदोलनों में कुछ विषयगत समानताएँ थीं । परंतु साथ ही अनेक महत्त्वपूर्ण असहमतियाँ भी थीं । कोई दो असहमतियाँ बताइए । *2*

**8.** (क) प्रतिदानात्मक अथवा रूपांतरणकारी सामाजिक आंदोलन किसे कहते हैं ? एक उदाहरण दीजिए । *1+1*

**अथवा**

(ख) सुधारवादी सामाजिक आंदोलनों से क्या तात्पर्य है ? एक उदाहरण दीजिए । *1+1*

**9.** "भारतीय राष्ट्रवादियों के लिए औपनिवेशिक शासन के दौरान हुआ आर्थिक शोषण एक केंद्रीय मुद्दा था ।"

स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में भारतीय राष्ट्रवादियों ने औद्योगीकरण को किस प्रकार बढ़ावा दिया ? *2*



ZOLLEGE.in

## SECTION B

**3.** Many of our cultural practices and patterns can be traced to our agrarian backgrounds. Structural and cultural changes are closely inter-related. Most of the New Year festivals in different regions of India celebrate the main harvest season.

(a) "There is a close relationship between agriculture and culture." Give one reason to support the given statement. *1*

(b) Name any two agriculture related festivals. *1*

**4.** A social movement requires sustained collective action over time. Such action is often directed against the state and takes the form of demanding changes in state policy or practice. Spontaneous and disorganised protest cannot be called a social movement.

(a) Write any two features of a social movement. *1*

(b) Give an example of a Dalit Movement. *1*

**5.** "There is a vital difference between the empire building of pre-capitalist times and that of capitalist times." What is this difference ? *2*

**6.** "Sanskritisation seems to justify a model that rests on inequality and exclusion." Give two reasons to support this statement. *2*

**7.** The varied social reform movements did have common themes. Yet there were also significant differences. State any two differences. *2*

**8.** (a) What are Redemptive or Transformatory social movements ? Give one example. *1+1*

**OR**

(b) What is meant by Reformist social movements ? Give one example. *1+1*

**9.** "For Indian nationalists, the issue of economic exploitation under colonial rule was a central issue."

How did Indian nationalists promote industrialisation in the early years of independence ? *2*



ZOLLEGE.in

## खण्ड ग

**10.** कृषि के व्यावसायीकरण से मज़दूरों का संचार (सर्कुलेशन) कैसे हुआ ? *4*

**11.** (क) एक फैक्टरी के कामगारों को रोज़गार देने का तरीका भिन्न होता है । इस तरीके की व्याख्या कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) 'वैज्ञानिक प्रबंधन' व्यवस्था की व्याख्या कीजिए । 1980 के दशक में वैज्ञानिक प्रबंधन के स्थान पर कौन-सी व्यवस्था का इस्तेमाल किया गया था ? *4*

**12.** 'संविदा खेती' पद्धति के सकारात्मक तथा नकारात्मक पहलुओं का उल्लेख कीजिए । *2+2*

## खण्ड घ

**13.** (क) हड़ताल और तालाबंदी में क्या अंतर है ? 1982 में बंबई टेक्सटाइल मिलों की प्रसिद्ध हड़ताल की चर्चा कीजिए । *2+4*

**अथवा**

(ख) घरों पर किया जाने वाला काम अर्थव्यवस्था/आर्थिकी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है । उदाहरण देते हुए समझाइए । *6*

**14.** पारिस्थितिकीय आंदोलन नए सामाजिक आंदोलन का उदाहरण हैं या पुराने सामाजिक आंदोलन का ? चिपको आंदोलन का उदाहरण देते हुए उपर्युक्त की व्याख्या कीजिए । *1+5*



ZOLLEGE.in

## SECTION C

**10.** How did commercialisation of agriculture lead to circulation of labour ? *4*

**11.** (a) Job recruitment as a factory worker takes a different pattern. Explain this pattern. *4*

**OR**

(b) Explain 'Scientific Management' system. What shift from Scientific Management took place in the 1980s ? *4*

**12.** Mention the positive and negative aspects of 'contract farming' system. *2+2*

## SECTION D

**13.** (a) What is the difference between a strike and a lockout ? Discuss the famous strike of Bombay Textile Mills of 1982. *2+4*

**OR**

(b) Home based work is an important part of the economy. Explain by giving an example. *6*

**14.** Are ecological movements new or old social movements ? Explain the above using the Chipko Movement as an example. *1+5*



ZOLLEGE.in